प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

15.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

.....

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार किसानों के हितों के लिए कार्य कर रही है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि किसान देश की खाद्य सुरक्षा के लिए दिन–रात जुटे रहते हैं। उन्होंने कहा कि प्याज का निर्यात शुल्क कम करने से और खाद्य तेलों का आयात शुल्क बढाने जैसे सरकार के निर्णयों से किसानों को लाभ होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी बढेंगे।

.....

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा है कि अवैध और नकली शराब के मामलों में संपत्ति जब्त करने का प्रावधान करने वाला हिमाचल देश का पहला राज्य बन गया है। मुख्यमंत्री ने कल शिमला में बताया कि अवैध और नकली शराब बनाने के धंधे में शामिल लोगों पर लगाम कसने के लिए सरकार सख्त कार्रवाई कर रही है। उन्होंने कहा कि नए प्रावधान अवैध शराब पर नकेल कसने जैसी गतिविधियों को नियंत्रित करने में बेहद मददगार साबित होंगे। मुख्यमंत्री के अनुसार सरकार प्रदेश में मादक पदार्थों की तस्करी और इसके इस्तेमाल से निपटने के लिए भी कई कदम उठा रही है।

.....

भारत का लोक सेवा प्रसारक दूरदर्शन आज अपनी 65वीं वर्षगांठ मना रहा है। इस अवसर पर दूरदर्शन विभिन्न मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत करेगा। दूरदर्शन की शुरूआत 15 सितंबर 1959 को हुई थी। इसके बाद से यह राष्ट्र की आवाज के रूप में एकता, संस्कृति और शिक्षा को बढ़ावा देने वाले अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत करता रहा है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कहा कि इस महत्वपूर्ण वर्षगांठ को मनाने के लिए, डीडी नेशनल एक विशेष कार्यक्रम आज सुबह 10 बजे प्रसारित किया जाएगा।

.....

हमीरपुर ज़िले की हथोल पंचायत के लाहड़ गांव के जवान अरविंद सिंह जम्मू–कश्मीर के डोडा–किश्तवाड़ में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हो गए। वे डोगरा रैजीमेंट में तैनात थे। उनकी शहादत की खबर मिलते ही हमीरपुर ज़िले सहित पूरे प्रदेश में शोक की लहर है। आज सैन्य सम्मान के साथ उनका अन्तिम संस्कार किया जायेगा।

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू व उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने अरविन्द सिंह की शहादत पर गहरा दुख जताते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना जताई है।

.....

स्वच्छता ही सेवा अभियान देशभर में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। इस वर्ष का विषय है– स्वभाव, स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता। शुक्रवार को हुए एक कार्यक्रम में केंद्रीय आवासन और शहरी मामलों के मंत्री, मनोहर लाल ने घोषणा की कि सरकार इस वर्ष के स्वच्छता अभियान के अंतर्गत दो लाख स्वच्छता लक्ष्य इकाइयों–सीटीयू को बदल

देगी। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने यह भी कहा कि सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक ही जगह सेवाएं प्रदान करने के लिए सफाई मित्र सुरक्षा शिविर आयोजित किए जाएंगे।

.....

आज अभियंता दिवस है। यह दिवस महान अभियंता सर एम. विश्वेश्वरैया की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अभियांत्रिकी के क्षेत्र में योगदान के लिए सर एम. विश्वेश्वरैया के योगदान को याद किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि देश की प्रगति, नवाचार और चुनौतियों से निपटने में अभियंताओं का योगदान सराहनीय रहा है। प्रधानमंत्री ने अभियंता दिवस पर एक वीडियो भी साझा किया है।

.....

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज बादल छाये हुए हैं। वहीं पिछले 24 घण्टों के दौरान राज्य के कुछ स्थानों में वर्षा का भी समाचार है। मौसम में आए इस बदलाव से तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है जिससे हल्की ठंड महसूस की जा रही है। मौसम विभाग ने राज्य में आगामी 18 सितंबर तक मौसम के खराब रहने की संभावना जताई है।

.....

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से................

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। दिव्य हिमाचल व आपका फैसला मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह हवाले से लिखता है–**प्रापर्टी जब्त करने वाला हिमाचल पहला राज्य–मुख्यमंत्री ने कहा नकली शराब या तस्करी पर अब कड़ा कानून।** हिमाचल दस्तक के अनुसार–**जहरीली शराब बेचने वालों पर शिकंजा कसने को किया है अधिनियम में संशोधन।** अमर उजाला की सुर्खी है–**जम्मू के किश्तवाड़ में आतंकी मुठभेड़ में हमीरपुर के अरविंद सिंह बलिदान।** दैनिक सवेरा टाईम्स के मुताबिक– नादौन उपमंडल के लाहड़ गांव का जवान अरविंद सिंह शहीद।

दैनिक भास्कर का शीर्षक है–**लाठीचार्ज के विरोध में 3 घंटे बंद रहे बाजार, सरकार से अवैध निर्माण पर कार्रवाही की मांग।** दैनिक जागरण के शब्द हैं–**हिन्दू संगठनों का प्रदर्शन, मंस्जिदों की जांच हो।**

अमर उजाला की एक अन्य सुर्खी है–सम्पति का व्यवसायिक इस्तेमाल कर आय बढ़ायेगा एच.आर.टी.सी.।

मौसम पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है–7 जिलों में बारिश से 41 सड़कें और 53 ट्रांसफार्मर बंद। हिमाचल दस्तक के अनुसार– **मौसम ने बदली करवट, ऊंचाई वाले इलाकों में ठंड का आभास।**

इसके साथ ही ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। नमस्कार